# Madhya Pradesh Specific Nomvember Monthly Current Affairs

## मध्य प्रदेश स्थापना समारोह का आयोजन

- मध्यप्रदेश का 66वाँ स्थापना दिवस आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर मध्यप्रदेश उत्सव के रूप में मनाया गया।
- सीएम् राइज स्कुलों का संचालन किया जायेगा जिनमे लेब , कंप्यूटर , स्मार्ट क्लास की व्यवस्था होगी |
- समारोह में २ नई योजनाओ के बारे में बताया गया जिनमे में से एक कुसुम योजना और उद्यम क्रांति योजना है |

### कुसुम योजना

- इस योजना के अंतर्गत २ मेगावाट के पॉवर प्लांट स्थापित करने हेतु स्थानीय निकायों की सहायता की जाएगी |
- इन निकायों द्वारा उत्पादित बिजली को खरीदने की व्यवस्था शासन द्वारा की जाएगी |

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

- युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतुउद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है |
- इस योजना के अंतर्गत युवाओ को रोजगार स्थापित करने हेतु 50 लाख तक का ऋण दिया जायेगा जिसकी गारंटी सरकार देगी |
- आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

## बुधनी कला महोत्सव

- बुधनी की काष्ठ कला को प्रोत्साहन देने हेतु इस महोत्सव का आयोजन किया गया |

## सौर ऊर्जा अभियान

- प्रदेश में सौर ऊर्जा अभियान के अंतर्गत उर्जा साक्षरता अभियान में जागरूकता, सूचना संप्रेषण और ऊर्जा बचाने के तरीकों के प्रदर्शन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा |
- इस अभियान के अंतर्गत कुसुम योजना का संचालन किया जा रहा है |
- मोबाईल एप और वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिए जायेंगे |

## मध्यप्रदेश पर्यटन को तीन अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

- मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की ग्रामीण पर्यटन परियोजना को लंदन में वर्ल्ड ट्रेवल मार्ट (डब्ल्यूटीएम) वर्ल्ड रिस्पांसिबल टूरिज्म अवार्ड-2021 समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर “सर्वश्रेष्ठ परियोजना” का पुरस्कार प्रदान किया गया।

- इसी श्रेणी में मध्यप्रदेश ग्रामीण पर्यटन को जोनल स्तर पर “स्वर्ण पुरस्कार” वर्ष 2021 के लिए म.प्र. ग्रामीण पर्यटन को दिया गया। एक अन्य श्रेणी “पर्यटन में विविधता” के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की “महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन” का पुरस्कार दिया गया।

**विकास और स्वच्छता में मध्य प्रदेश अग्रणी**

- इंदौर देश का पहला वाटर प्लसशहर होने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 में चौथी बार देश में सबसे स्वच्छ शहर का स्थान प्राप्त किया है।
- स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत इण्डिया स्मार्ट सिटी कांटेस्ट-2020 में कुल 20 अवार्ड में से 11 अवार्ड मध्यप्रदेश को मिले हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला कुश्ती चेम्पियनशिप में मध्य प्रदेश को रजत पदक प्राप्त**

- सर्बिया गणराज्य में 1 से 7 नवम्बर तक आयोजित चैम्पियनशिप में प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के ग्राम उमरेठ की निवासी सुश्री शिवानी ने 50 किलोग्राम वर्ग में जीत हासिल की है |

**आगर-मालवा जिले के सालरिया गौ-अभयारण्य देश के आदर्श अभ्यारण के रूप में विकसित होगा**

- आगर-मालवा जिले के सालरिया गौ-अभयारण्य को देश के आदर्श के रूप में विकसित कर भारत का सर्वश्रेष्ठ गौ-अभयारण्य बनाया जाएगा |
- प्रदेश की 06 गौ-शालाओं को प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित किया जायेगा |
- मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के गंगईवीर में गौ-वंश वन विहार स्थापित किया जायेगा |

**पदम पुरूस्कार -वर्ष 2020-2021**

- वर्ष 2020 हेतु पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2021 हेतु पूर्व सांसद श्रीमती सुमित्रा महाजन को पद्मभूषण, भोपाल के श्री कपिल तिवारी को मध्यप्रदेश की लोक कलाओं के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने और जनजातीय चित्रकार बहन भूरी बाई को पद्म श्री से सम्मानित किया।
- भोपाल के श्री अब्दुल जब्बार खान को सामाजिक कार्य के लिए पद्म श्री 2020 से मरणोपरांत सम्मानित किया गया।
- इंदौर के श्री पुरूषोत्तम दाधीच को कला क्षेत्र में कत्थक नृत्य एवं कोरियोग्राफी के लिए पद्म श्री 2020 से सम्मानित किया गया।
- रतलाम की डॉ. सुश्री लीला जोशी को मेडिसिन के क्षेत्र में पद्म श्री 2020 से सम्मानित किया गया।
- भोपाल के श्री कपिल तिवारी को साहित्य एवं शिक्षा के लिए पद्म श्री 2021 से सम्मानित किया गया।

BYJU'S EXAM PREP
BYJU'S EXAM PREP SUBSCRIBE

**जनजातीय वर्ग के कल्याण हेतु मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत**

- मध्यप्रदेश में कुल जनसंख्या में जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत 21.09 है।
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय कल्याण हेतु योजना -

**आहार अनुदान योजना –**

- यह योजना विशेष पिछड़ी जनजाति संबधित 15 जिलों में संचालित की जा रही है।
- इसमें विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह रू. 1000 की राशि जमा की जाती है।

**आकांक्षा योजना**

- इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जईई, नीट, क्लेट की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग एवं छात्रावास की व्यवस्था की जाती है।

**प्रतिभा योजना**

- इस योजना में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शासकीय शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु प्रोत्साहन दिया जाता है।

**अखिल भारतीय सेवाओं के लिए कोचिंग एवं प्रोत्साहन**

- इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थियों, जो सिविल सेवा परीक्षा में निजी संस्थाओं द्वारा कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं, को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

**जनजातीय महिलाओं द्वारा आजीविका एक्सप्रेस का संचालन**

- गुना जिले के बमोरी विकासखंड की सिमरोद ग्राम पंचायत के ग्राम गागर खेड़ा की पटेलिया जनजाति की महिलाओं ने आजीविका हेतु अभिनव पहल की है।
- बिशनवाड़ा से गुना तक 11 सीटर आजीविका एक्सप्रेस चलाती हैं |

**महिला स्व-सहायता समूहों के व्यापार संवर्धन के लिये व्यापार केंद्र प्रारंभ**

- प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों के व्यापार संवर्धन के लिये 'व्यापार केन्द्र' खोला जायेगा, जो महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रान्डिंग, विक्रय आदि के क्षेत्र में उनकी सहायता करेगा।
- इसके माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के व्यापार के अवसर प्राप्त होंगे।

**ध्रुपद का राष्ट्रीय समारोह प्रतिवर्ष ग्वालियर में आयोजन**

- ध्रुपद समारोह 13 से 15 नवम्बर 2021 ग्वालियर के टाउन हॉल में आयोजन किया गया |
- तानसेन की जन्मस्थली होने के साथ-साथ ग्वालियर में अनेक ख्यातिनाम संगीतकार हुए हैं। यह धरा बैजू बाबरा की साधना-स्थली भी है।

## हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर को अर्जुन अवॉर्ड

- भारतीय हॉकी टीम के सदस्य श्री विवेक सागर को राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया |

## मध्यप्रदेश लोकसवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्य नियुक्त

- प्रो. राजेशलाल मेहरा को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किया गया |
- डॉ. कृष्णकांत शर्मा प्राध्यापक (गणित) को सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया ।

## मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड को गोल्ड स्कॉच अवार्ड प्राप्त

- नई दिल्ली में आयोजित ऑनलाइन 75वें स्कॉच समिट में पर्यटन बोर्ड को टूरिज्म एंड कल्चर सेगमेंट में बेस्ट इनोवेटिव प्रोजेक्ट की श्रेणी में पुरुस्कार प्रदान किया गया।
- प्रदेश में पर्यटन स्थलों को महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल के लिए "निर्भया योजना" शुरू की जाएगी |

## भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 में मध्यप्रदेश दिवस का आयोजन

- दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में 18 नवंबर को मध्यप्रदेश दिवस समारोह का आयोजन किया गया |
- इसमें मुख्य रूप से बैगा, परधोनी लोक नृत्य एवं बुंदेलखंडी मार्शल आर्ट अखाड़ा की प्रस्तुति की गई |

## राष्ट्रीय तुलसी एवं देवी अहिल्या सम्मान घोषित

- संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2017 से 2020 तक के राष्ट्रीय तुलसी सम्मान और 2019 एवं 2020 के राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान की घोषणा की गई ।
- वर्ष 2017 का सम्मान जयपुर के सुप्रतिष्ठित चित्रकार श्री कैलाश चन्द शर्मा को, वर्ष 2018 का सम्मान राजनांदगाँव के सुप्रतिष्ठित बाँसुरी वादक श्री विक्रम यादव को, वर्ष 2019 का सम्मान रायपुर के ख्यात कबीर गायक डॉ. भारती बंधु को तथा वर्ष 2020 का सम्मान श्री तिलकराम पेंद्राम को दिया गया |
- वर्ष 2019 का यह सम्मान मण्डला की जनजातीय कलाकार सुश्री शांति बाई मरावी को तथा वर्ष 2020 का सम्मान लखनऊ की अवधी, भोजपुरी एवं बुन्देलखंडी शैली की सुविख्यात लोक गायिका सुश्री मालिनी अवस्थी को दिया गया ।

## 40वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

- प्रगति मैदान दिल्ली में चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय मेले में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए विज्ञान के साथ सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश एवं प्रोत्साहन की मध्यप्रदेश की योजनाओं को विशेष रुप से अंतराष्ट्रीय मेले में प्रदर्शित किया है।

## जल महोत्सव के छठवें संस्करण का आयोजन

- खंडवा के हनुवंतिया टापू में "जल महोत्सव" के छठवें संस्करण का आयोजन किया गया|
- यह महोत्सव 20 जनवरी 2022 (दो माह) तक चलेगा ।

SUBSCRIBE

- 'जल महोत्सव'' में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए इंदौर से हनुवंतिया आने-जाने हेतु दो माह तक प्रतिदिन बस का संचालन भी किया जायेगा।

## भोपाल - मेट्रो सिटी

- भोपाल शहर को हरित भोपाल, स्वच्छ भोपाल, हाईटेक भोपाल के साथ मेट्रो सिटी भोपाल भी कह सकते हैं।
- हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यहाँ वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (हबीबगंज स्टेशन पुराना नाम )का उद्घाटन किया |

## मेट्रो रेल परियोजना

- मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल और इंदौर में परियोजना पर कार्य कर रहा है। भोपाल में एम्स से करोंद चौराहा तथा भदभदा चौराहे से रत्नागिरि चौराहे के मध्य दो मेट्रो कॉरिडोर बनाए जाने हैं।
- दो कॉरिडोर में एक पर्पल कॉरिडोर, जिसकी लंबाई वन 16.74 किलोमीटर होगी। दूसरा रेड कॉरिडोर जिसकी लंबाई 14.21 किलोमीटर होगी।
- भूमिगत और एलिवेटेड मेट्रो पर्पल कॉरिडोर भी बनेगा। रेड कॉरिडोर में 14 और पर्पल कॉरिडोर में 16 स्टेशन होंगे। स्वचालित किराया संग्रह की व्यवस्था होगी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में इंदौर लगातार पांचवी बार प्रथम

- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में इंदौर लगातार पाँचवीं बार देश में स्वच्छता में प्रथम रहा है।
- नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में इंदौर को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज और देश के सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर का अवार्ड दिया।
- वर्ष- 2021 के स्वच्छता सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के 10 लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में देश के 20 टॉप शहरों में मध्यप्रदेश के 4 शहर शामिल हैं। इनमें इन्दौर को प्रथम, भोपाल को सातवाँ, ग्वालियर को 15वाँ और जबलपुर को 20वाँ स्थान मिला।
- प्रदेश को नगरीय निकायों और विभिन्न स्वच्छता प्रक्रियाओं के पालन के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।
- प्रदेश के 6 शहर इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास, होशंगाबाद और बड़वाहा तथा पचमढ़ी केन्ट उत्कृष्ट अवार्ड श्रेणी के लिए सम्मानित किए गए।

## गौरव दिवस आयोजन

- भोपाल से आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिवर्ष 15 नवम्बर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरूआत की। इसी के साथ गाँव में ही उचित मूल्य राशन वाहनों के माध्यम से वितरित करने हेतु 89 जनजातीय विकासखंडों में "राशन आपके गाँव" योजना शुरू की गई |

## बैगा योजना की डिजिटल शुरुआत

- बैगा समुदाय के सभी व्यक्तियों का घर-घर सर्वेक्षण कर उन्हें शासन संबंधित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### बिजली के लंबित बिलों का भुगतान हेतु समाधान योजना

- कोरोना संकट में आर्थिक समस्याओं के कारण बिजली बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए , समाधान योजना प्रारम्भ की गई |

### राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए 15 जनवरी तक कलाकृतियाँ आमंत्रित

- मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2022 का आयोजन उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा किया जा रहा है, जिसमे रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए 15 फरवरी 2022 तक कलाकृतियाँ आमंत्रित की गई हैं।
- पुरस्कार की राशि 51 हज़ार रुपये है।

### बालाघाट को उत्कृष्ट मत्स्यपालन पुरस्कार

- विश्व मतस्य दिवस 21 नंवबर भुवनेश्वर (उड़ीसा) में आयोजित एक कार्यक्रम में बालाघाट जिले को पुरस्कृत किया गया |
- पुरस्कार स्वरूप जिले को 3 लाख रूपये और मोमेंटो प्रदान किया गया।

### पातालपानी रेलवे स्टेशन का नाम अमर क्रांतिकारी टंट्या भील होगा

- इंदौर के पाताल पानी रेलवे स्टेशन को टंट्या भील रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाएगा |

### एक जिला- एक उत्पाद योजना(ODOP)- बुधनी के काष्ठ खिलौने

- एक जिला-एक उत्पाद योजना(ODOP) के अंतर्गत सीहोर जिले के बुधनी के काष्ठ खिलौनों के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है|
- इसकी खिलौनाकारी के नाम से ब्रांडिंग की जा रही है |

### मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना

- इस योजना के तहत भूमिहीनों को भूखंड प्रदान किया जाएगा ।
- समय-सीमा निर्धारित कर चिन्हित पट्टे आवेदकों को सामूहिक रूप से पट्टे दिये जायेंगे ।

### खजुराहो -अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल

- खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देश भक्ति थीम पर आधारित 75 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।
- प्रख्यात निर्देशक शेखर कपूर ने खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए "टैम्पल टाईगर एण्ड टपरा टाकीज" टैग लाईन दी ।

**साँची - ग्रीन सिटी**

विश्व धरोहर स्थल साँची (रायसेन )को पूर्ण रूप से ग्रीन सिटी में विकसित किया जायेगा |

**नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 की रिपोर्ट :**

- लिंगानुपात वर्ष 2020-21 में प्रति 1000 बेटों पर 956 बेटियाँ पर पहुँच गया है। वर्ष 2015-16 में यह संख्या 927 थी।
- अति गंभीर कुपोषण में 29.3% कमी हुई |
- प्रदेश 30वें स्थान से 17वें स्थान पर आ गया है। मध्यप्रदेश में अति गंभीर कुपोषण में 29.3% की गिरावट दर्ज हुई है।
- दुबलेपन (वेस्टिंग) में प्रदेश अन्य राज्यों में सुधार के क्रम में तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में 26.4 % हुआ है। पूर्व में प्रदेश 32वें स्थान पर था, जो अब 24वें स्थान पर आ गया है।

**सौर उर्जा की दिशा में विस्तार**

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सौर उर्जा के विकास में पहल ई जा रही है एवं विस्तार का प्रयास लगातार किया जा रहा है ,कुल 1500 मेगावॉट क्षमता के सौर ऊर्जा पार्क जल्द ही कार्य करने लगेंगे |

**खेल विशेष :**

- अंतर्राष्ट्रीय पैरा तैराक दिव्यांग श्री सत्येन्द्र सिंह लोहिया को 36 किलोमीटर लम्बे अरब सागर के दुर्गम चैनल को तैरकर पार किया |
- उन्होंने यह रोमांचक सफर 10 घंटे 3 मिनट में पूरा किया। श्री लोहिया भिंड जिले के ग्राम गाता के मूल निवासी हैं।
- इससे पहले वह अमेरिका में कैटरीना चैनल को सिर्फ 11 घंटे 34 मिनट में तैरकर पार करने वाले पहले एशियाई दिव्यांग तैराक बने थे।
- खेल और युवा कल्याण विभाग तथा भारतीय राष्ट्रीय रायफल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 64वीं राष्ट्रीय शूटिंग (रायफल) चैम्पियनशिप का आयोजन मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, बिसनखेड़ी (गोरागांव), भोपाल में किया गया |
- म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी गोरा गांव भोपाल में 37.16 एकड़ भूमि पर स्थापित की गई है। यह विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज है और इसे हाई परफार्मेंस सेंटर के रूप में विकसित किया गया है।

## 6 चिकित्सा महाविद्यालयों का निर्माण

- प्रदेश में 6 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा।
- इसमें मण्डला, सिंगरौली, श्योपुर, राजगढ़, नीमच तथा मंदसौर में नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की जाएगी |

## सीमेट को स्वतंत्र इकाई बनाया जायेगा

- सीमेट (मध्यप्रदेश राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान) को प्रशासन अकादमी से पृथक कर एक स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- सीमेट में स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन से जुड़े जनजाति कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा।

## दण्ड विधि (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक 2017 को वापस लिए जाने का निर्णय

दण्ड विधि (मध्यप्रदेश संशोधन) विधेयक 2017 (क्रमांक 26 वर्ष 2017) के संबंध में केन्द्रीय अधिनियम दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 (क्रमांक 22 सन 2018 अधिनियमित होने के फलस्वरूप उक्त रक्षित विधेयक वापस लिये जाने का प्रस्ताव पेश किया गया |

## चावल गुणवत्ता सुधार को प्रोत्साहन

- कृषि उत्पादनों की गुणवता उन्नयन तथा मूल्य संवर्धन हेतु धान मिलों में तकनीकी उन्नयन अंतर्गत धान मिलिंग का कार्य करने वाली इकाइयों को सॉर्टेक्स प्लांट स्थापित करने हेतु मध्यप्रदेश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास नीति 2021 में संशोधन किया गया |
- इससे चावल की उच्च गुणवत्ता प्राप्त होगी तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी।

## उर्जा साक्षरता में नई पहल

- ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन तथा बिजली की बर्बादी रोकने हेतु ऊर्जा साक्षरता अभियान (ऊषा) के रूप में लोगों में जागरूकता फैलाने करने की पहल नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग (मध्यप्रदेश) ने की है।
- 6 महीनों में 50 लाख नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाने का लक्ष्य है।
- जन-साधारण सहित स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को ऊर्जा की महत्ता, पारम्परिक ऊर्जा से होने वाला कार्बन उत्सर्जन, सौर, पवन, बॉयोमॉस आदि हरित ऊर्जा के लाभ और मितव्ययता आदि की विस्तृत जानकारी दी जायेगी।